# सामुदायिक सेवा कार्यक्रम

## मासिक धर्म स्वच्छता हेतु स्लम एरिया की महिलाओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम

राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा सामुदायिक सेवा कार्यक्रम दिनांक 28.05.2022 को प्रातः 8:30 से 11 बजे देवनगर गांव, कोनी में स्लम क्षेत्र की महिलाओं में मासिक धर्म स्वच्छता के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। यह कार्यक्रम एनजीओ आयोम वेलफेयर सोसायटी, नोएडा द्वारा प्रायोजित किया गया था। प्रातः8:30 बजे पहुंच कर आज के दिन शनिवार को 28 मई को वर्ल्ड मेन्सट्रुअल हाइजीन डे सभी महिलाओं और लड़कियों में माहवारी के दिनों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता और बढ़ावा देने के उद्देश्य से मनाया गया है, जिसमे झुग्गी झोपड़ी बस्ती में रहने वाली महिलाओं को सेनेटरी नैपकिन का वितरण किया गया. उक्त कार्यक्रम में महिलाओं ने अपनी माहवारी के दौरान होने वाली समस्याओं एवं चुनौतियों के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की. इस कार्यक्रम में लगभग 60 महिलाओं ने सहभागिता की और मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता बनाए रखने के बारे में अपने प्रश्नों, भ्रांतियों एवं सामाजिक दुर्भावनाओ के विषय में बताया. समस्त महिलाएं एवं किशोरियां सैनिटरी नैपकिन के उपयोग के फायदों के बारे में भी उत्सुक थे। हमारे छात्रों ने उन्हें आश्वस्त किया कि स्वच्छता बनाए रखने के लिए सैनिटरी नैपकिन का उपयोग सबसे अच्छा तरीका है और यह स्वास्थ्य के लिए भी सुरक्षित है। उनमें से एक महिला जिसकी उम्र लगभग 30 वर्ष थी उनके अनुसार सेनेटरी नैपकिन की  कीमत उनके एक समय के भोजन के बराबर होती है अब ऐसे में वे उनके सामने यह समस्या हमेशा बनी हुई रहती है की वे अपने परिवार के पोषण हेतु दाल - सब्ज़ी खरीदे या सेनेटरी नैपकिन। माननीय कुलपति प्रोफेसर आलोक चक्रवाल जी के सतत मार्ग निर्देशन में विभाग के विद्यार्थीयो एवं शोधार्थियों प्रियंका द्विवेदी, ऊमा यादव, रविंद्र एवम मानसी मल्होत्रा के द्वारा इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न किया गया.शिक्षकगण में डाक्टर सांत्वना पांडेय एवम आकाश तवर ने विद्यार्थियों का मार्ग दर्शन किया .  विभागाद्यक्ष प्रोफेसर अनुपमा सक्सेना का अभूतपूर्व सहयोग कार्यक्रम को सफल बनाने में अकल्पनीय रहा.

28-5-22

28-5-2022

विभागाध्यक्ष
HEAD
राजनीति विज्ञान एवं लोक प्रशासन विभाग
Department of Political Science